ईद मुबारक | हर्षोल्लास से मनाई गई ईद उल फितर

# अमन, शांति की दुआ के लिए उठे हाथ





**नवभारत,कटंगी ।** रमजान पवित्र माह पूर्ण होने के पश्चात कटंगी नगर के ईदगाह,जामा मस्जिद में आज ईद उल फितर की नमाज अदा की गई,इस अवसर पर मुस्लिम धर्म के सभी उम्र के लोगों ने सभी की खुशियों के लिए दुआ की गई । तत्पश्चात सभी ने एक दूसरे से उत्साह और उमंग से गले मिलकर ईद की मुबारक दी गई ।



कटंगी नगर के सभी धर्मों के लोगों ने मिलकर ईद की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जयंत जैन, नेकनारायण सिंह, पार्षद मक़सूद खान, मनीष चौरसिया, सुरेन्द्र शुक्ला ,यासिर हनीफ खान, मनोज तिवारी, महेंद्र नेमा,पार्षद मलिक यादव,पार्षद सुजान सिंह,नासिर खान, उमर खान, शेख सिराज खान,मकबूल खान,कलीम उल्ला मिर्जा,अनवर अली,सगीर खान,महफूज खान, अरशद खान, कमर खान,रियाज खान, हफीज खान, अमजत खान, गुलशेर खान, मो. इकवाल मंसूरी, जफर मंसूरी,मुख्तार खान,फिरोज खान, राजा खान,सलमान खान,बाबर खान,रियाज खान,तनवीर काजी, इमरान खान,फतह खान,नसीर काजी,आकिब जावेद खान, साजिद खान,सभी के मिलकर ईद मनाई एवं देश के लिए अमन और शांति की दुआ की गई।





## नवरात्रि के तीसरे दिन महाआरती में दिखी आस्था की झलक

▸ ग्राम पंचायत सुकरी में आयोजन

**नवभारत, सुकरी।** ग्राम पंचायत सुकरी स्थित मंदिर में नवरात्रि के तीसरे दिन भी महाआरती का आयोजन धार्मिक आस्था के माहौल में सम्पन्न हुआ। महाआरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया जिसे बड़ी संख्या में पहुंचे भक्त जनों ने ग्रहण किया। तृतीय दिवस की महाआरती महेश पटेल, पहलवान शरक़ सिंह पटेल एवं महेत पटेल के द्वारा की गई। चतुर्थ दिवस की महाआरती मानक पटेल के द्वारा की जाएगी। महाआरती के लिए श्रद्धालुओं का विशाल जन समूह उमड़ा।

## चैत्र नवरात्रि पर मंदिर में भेंट किया वाटर कूलर



**नवभारत,पनागर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित मिश्रा परिवार ने समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए प्रताप वार्ड स्थित समर्थ नर्मदा मंदिर में श्रद्धालुओं एवं राहगीरों की सुविधा हेतु वाटर कूलर भेंट किया। इस पहल से भीषण गर्मी के मौसम में मंदिर आने वाले भक्तों और राहगीरों को शीतल पेयजल की सुविधा सहज रूप से उपलब्ध हो सकेगी। कार्यक्रम के दौरान सर्वेश मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, श्रवण मिश्रा, अवनीश मिश्रा, प्रबोध मिश्रा, अंकित मिश्रा एवं अक्षय मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिश्रा परिवार के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

## मझौली में जल शक्ति से नवभक्ति अभियान का आयोजन

**नवभारत,मझौली।** जल संरक्षण को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम के तहत एक प्रभावी अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया एवं ब्लॉक समन्वयक नूपुर खरे के निर्देशन में हुआ। आयोजन की जिम्मेदारी नवांकुर संस्था सीता शरण जी महाराज समाज कल्याण समिति, पोला द्वारा निभाई गई। इस अभियान की खास बात यह रही कि विकासखंड मझौली के 23



ग्रामों से आई 23 महिला आचार्यों ने इसमें भाग लेकर जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से लोगों को जल के महत्व और संरक्षण के उपायों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में नगरवासियों एवं समिति के सदस्यों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

इस दौरान—जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों की सुरक्षा और जल बचत के उपाय बताए गए लोगों को दैनिक जीवन में पानी के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है, और इसके संरक्षण के बिना भविष्य की कल्पना संभव नहीं है।' उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे जल बचाने को अपनी जिम्मेदारी समझें और इसे जन आंदोलन का रूप दें।

## पनागर में अधिवक्ता फोरम की आवश्यक बैठक आज

**नवभारत,पनागर।** अधिवक्ता फोरम पनागर द्वारा आज रविवार को तहसील कार्यालय स्थित अधिवक्ता भवन में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक सुबह 11 बजे प्रारंभ होगी। फोरम के अध्यक्ष सुरेंद्र सेन एवं सचिव के.के. कुशवाहा ने सभी अधिवक्ता साथियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं।

## आरटीआई में सूचना देने से किया इंकार, वन विभाग पर उठे गंभीर सवाल

**नवभारत,जबलपुर।** सिहोरा वन परिक्षेत्र में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत मांगी गई जानकारी देने से इनकार किए जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। 35 लाख रुपये के निर्माण कार्य से जुड़ी जानकारी नहीं मिलने पर आवेदक ने प्रथम अपील दायर कर दी है, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वार्ड नंबर 10 निवासी आवेदक शिवम साहू द्वारा वन विभाग से सिहोरा क्षेत्र में हुए लगभग 35 लाख रुपये के निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी मांगी गई थी। इसमें खर्च, स्वीकृति, कार्यादेश और संबंधित दस्तावेजों की जानकारी शामिल थी। लोक सूचना अधिकारी ने आवेदन का जवाब देते हुए सूचना देने से मना कर दिया और धारा 8(1)(घ) का हवाला



दिया। विभाग का कहना है कि यह जानकारी 'व्यावसायिक गोपनीयता' के दायरे में आती है। आवेदक ने अपनी प्रथम अपील में इस जवाब को पूरी तरह गैर-कानूनी और भ्रामक बताया है। अपील में कहा गया है कि—यह मामला सार्वजनिक धन से जुड़ा है, इसलिए जानकारी छिपाना उचित नहीं सरकारी निर्माण कार्य में पारदर्शिता अनिवार्य है सूचना छिपाना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने जैसा है अपील में स्पष्ट किया गया है कि:धारा 8(1)(घ) केवल व्यापारिक गोपनीयता तक सीमित है सार्वजनिक हित के मामलों में जानकारी देना अनिवार्य है यदि कुछ जानकारी अपवर्जित है, तो शेष सूचना धारा 10 के तहत दी जानी चाहिए। आवेदक ने प्रथम अपीलीय अधिकारी से मांग की है कि—पीआईओ के जवाब को निरस्त किया जाए 15 दिनों के भीतर पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाए आरटीआई एक्ट की धारा 20 के तहत संबंधित अधिकारी पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इस मामले ने एक बार फिर सरकारी विभागों में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर बहस छेड़ दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि आरटीआई जैसे कानून का उद्देश्य ही आम नागरिक को जानकारी देना है, ऐसे में इस तरह का इनकार कानून की मंशा के विपरीत है। सिहोरा वन विभाग का यह मामला दिखाता है कि अभी भी कई जगहों पर सूचना के अधिकार को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। अब सभी की नजर प्रथम अपीलीय अधिकारी के फैसले पर टिकी है, जिससे यह तय होगा कि सच सामने आएगा या फिर फाइलों में ही दबा रह जाएगा।





## राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड के लिये जिले की चार छात्राओं का चयन

▸ अभिभावकों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों के साथ ग्वालियर रवाना

**नवभारत,जबलपुर।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा 22 और 23 मार्च को ग्वालियर में आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड परीक्षा के लिये जबलपुर जिले से चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड के लिये जबलपुर जिले से चयनित चारों विद्यार्थी छात्रायें हैं। चारों छात्राओं को उनके अभिभावकों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों के साथ शनिवार को आईएसबीटी से ग्वालियर रवाना किया गया। जहां वे 22 एवं 23 मार्च को आयोजित राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड एवं सम्मान समारोह में सहभागिता करेंगी। चयनित छात्राओं में सिहोरा विकासखंड की कक्षा दूसरी की छात्रा दिव्या रजक एवं कक्षा तीसरी की छात्रा सान्या हल्दकार, शहपुरा विकासखंड की कक्षा चौथी की छात्रा दीपिका मेहरा तथा पनागर विकासखंड की कक्षा पांचवी की छात्रा नाविका पटेल शामिल हैं। चारों छात्राओं का चयन जिला स्तर पर आयोजित ओलंपियाड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर हुआ। राज्य स्तरीय ओलंपियाड के लिए चयनित होने पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी एवं डीपीसी योगेश शर्मा ने छात्राओं को बधाई दी तथा राज्य स्तरीय ओलंपियाड में सफल होने की शुभकामनाएं दी।

## आदिम जाति कल्याण विभाग के पूर्व उप निदेशक सरवटे के खिलाफ चालान पेश

▸ पूर्व आदेश पर पीएमएलए कोर्ट के समक्ष हाजिर हुए सरवटे

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन के आदिम जाति कल्याण विभाग के पूर्व उप निदेशक, जगदीश प्रसाद सरवटे के विरुद्ध अपराध से आय अर्जित करने के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम 2002 के तहत विशेष न्यायालय पीएमएलए जबलपुर के समक्ष प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल ने चालान पेश किया है। ईडी ने सरवटे के खिलाफ अभियोजन शिकायत दायर की थी। न्यायालय के पूर्व आदेश पर जगदीश सरवटे हाजिर हुए। कोर्ट ने अभियोजन शिकायत और अन्य दस्तावेज की प्रति उन्हें देने के निर्देश दिये है।

दरअसल, ईडी ने आर्थिक अपराध विंग जबलपुर द्वारा भ्रष्टाचार की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। सरवटे पर आरोप है कि उन्होंने एक लोक सेवक के रूप में कार्य करते हुए एक जनवरी 2015 से 20 जून 2025 की अवधि के दौरान अपनी आय के ज्ञात स्रोतों के अनुपात से अधिक संपत्ति अर्जित की। जांच के दौरान यह पता चला कि आरोपी ने भ्रष्ट तरीकों से अपराध से अर्जित आय उत्पन्न की थी और बाद में अवैध नगदी को बैंकिंग प्रणाली में डालकर भोपाल, मंडला, उमरिया और सिवनी जिलों में स्थित कई अचल संपत्तियों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को खरीदने में निवेश किया। ईडी ने कुल 11.81 करोड़ रुपये की अपराध से अर्जित आय की पहचान की है, जो उन संपत्तियों का मूल्य दर्शाती है, जिनमें अवैध धन का निवेश किया गया था। फरवरी 2026 में समतुल्य मूल्य की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया गया था। ईडी ने जांच में यह स्थापित किया है कि जगदीश प्रसाद सरवटे ने जानबूझकर अपराध से अर्जित आय को अर्जित किया, जिसे अपने कब्जे में रखा, छिपाया और उसका उपयोग किया तथा उसे बेदाग संपत्ति के रूप में प्रदर्शित किया।

## अंतर जिला अंडर-22 क्रिकेट प्रतियोगिता की टीम घोषित

▸ 23 मार्च से होंगे 50-50 ओवर के मैच

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के तत्वाधान में बालक वर्ग अंडर-22 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 23 मार्च से एमपीसीए मैदान नीमखेड़ा में किया जाएगा, जिसमें सभी मुकाबले 50-50 ओवर के प्रारूप में खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता के लिए जबलपुर जिले की टीम का चयन सचिव सुशील रजक द्वारा किया गया है, जिसमें अमनप्रीत सिंह, लिखित एन एल, आजिनकेय मूले, यश यादव, दिव्य मनोरमणि, प्रिंस गुरु, अमित राजपूत, अम्बर शर्मा, मेंकेश सिंह, वासु पटेल, करण पांडेय, पुष्कर जैन, पीयूष कुशवाह, सुमित पटेल और पारस लोधी शामिल हैं। यह टीम फिलहाल एक मैच के लिए घोषित की गई है और प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह देखा जा रहा है।

## अंडर-13 क्रिकेट में जबलपुर की मजबूत शुरुआत

▸ पहले दिन 7 विकेट पर 316 रन आराध्य का शानदार शतक

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-13 बालक वर्ग की दो दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता 17 मार्च 2026 से ओलंपिक ग्राउंड ईस्ट एवं सुभाष ग्राउंड वेस्ट लैंड स्टेडियम, खमरिया में खेली जा रही है।जबलपुर और डिंडोरी के बीच खेले जा रहे मैच में जबलपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 83 ओवर में 7 विकेट पर 316 रन बना लिए।

जबलपुर की ओर से आराध्य झारिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 122 गेंदों में 102 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने आर्यवीर सिंह बघेल (41) के साथ पांचवें विकेट के लिए 166 गेंदों में 131 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इसके अलावा समर्थ मानवेन्द्र सिंह बघेल ने 86 गेंदों में 57 रन बनाए, वहीं मानवेन्द्र सिंह बघेल




(53) के साथ तीसरे विकेट के लिए 139 गेंदों में 84 रन जोड़े। दिन का खेल समाप्त होने पर यश पटेल 7 रन बनाकर नाबाद रहे। डिंडोरी की ओर से अनीष जैन और पवन कुमार मारूवा ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि रामन सिंह और तनिष्क विश्वकर्मा को 1-1 सफलता मिली। मैच में अंपायर की भूमिका अमित यादव और रामा राव ने निभाई, जबकि स्कोरर अंकित यादव रहे।

मौसम | बारिश के बाद वातावरण में आया बड़ा बदलाव

# तेज आंधी से गिरे पेड़,कोहरे से यातायात प्रभावित



पुरानी बेलखाडू में सड़क किनारे खड़े ट्रक मै गिरी पेड़ की शाखाएं



नेशनल हाईवे में सुबह सुबह कोहरा, लाइट जलाकर निकले वाहन

**नवभारत,बेलखाडू ।** जिले में मौसम ने अचानक करवट लेते हुए लोगों को मुश्किल में डाल दिया। बीती रात तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने जहां खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाया, वहीं कई स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं टूटकर सड़कों पर गिर गईं। सुबह होते ही एक और परेशानी सामने आई—नेशनल हाईवे पर घना कोहरा छा गया। दृश्यता इतनी कम रही कि वाहन चालकों को दिन में ही लाइट जलाकर चलना पड़ा। दोपहिया और चारपहिया वाहन धीमी गति से रेंगते नजर आए, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ।

### फसलों को भारी नुकसान

बारिश और अंधड़ का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ा। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल कई जगहों पर जमीन पर बिछ गई। सुबह-सुबह किसान खेतों में पहुंचे और नुकसान का आंकलन करते नजर आए। कई किसानों ने बताया कि पकने के समय आई इस बारिश से उपज पर बड़ा असर पड़ सकता है।

### कोहरे से बढ़ी मुश्किल

सुबह के समय घने कोहरे ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। बोरिया ,14 मील , क्षेत्र में हाईवे पर विजिबिलिटी 200 फुट रही, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया। वाहन चालक हेडलाइट और फॉग लाइट का उपयोग करते दिखाई दिए।

### तापमान में गिरावट

बारिश के बाद ठंडी हवाओं ने मौसम को ठंडा कर दिया। घरों में पानी की बौछारों और हवाओं के कारण ठंड का अहसास बढ़ गया है। तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा।

### आगामी मौसम का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार: अगले 24-48 घंटों में हल्की बारिश और बादल छाए रहने की संभावना है। सुबह के समय कोहरा बना रह सकता है, खासकर ग्रामीण और हाईवे क्षेत्रों में। तेज हवाओं की गति फिलहाल कम हो सकती है, लेकिन मौसम पूरी तरह साफ होने में 2-3 दिन लग सकते हैं। मौसम शुष्क रहने के साथ ही हवाएं उतरी पश्चिमी से 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे चलते की संभावना है।

### पेड़ गिरे, सड़कें बाधित

तेज हवाओं का असर कई इलाकों में साफ दिखाई दिया।पुरानी बेलखाडू में ढाबे के सामने सड़कों के किनारे लगे पेड़ों की टहनियां ट्रक के पास टूटकर गिर गईं, जिससे कुछ समय के लिए रास्ते अवरुद्ध हो गए। गनीमत ये थी कोई जनहानि नहीं हुई, भारी वाहनों को भी सावधानीपूर्वक निकलना पड़ा।